


राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र

साप्ताहिक

# हरियाणा उत्सव

वर्ष 6, अंक 37 कुल पृष्ठ 4 मूल्य 2 रुपया शुक्रवार 23 से 29 अप्रैल 2022 RNI No. HARHIN /2016/75595




## खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 : 4 से 13 जून 2022 तक होगा आयोजन

हरियाणा उत्सव



**चंडीगढ़ ।** हरियाणा में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 का आयोजन 4 से 13 जून 2022 तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इनमें अंडर 18 के 25 खेलों में 5 भारतीय खेल भी शामिल हैं। जिसमें गतका, योगासना, थांग-ता, मलखांभा, कालरीपायटू इन खेलों का आयोजन पंचकूला के अलावा शाहबाद, अंबाला, चंडीगढ़ और दिल्ली में होगा। खेल प्रतियोगिताओं में देशभर के लगभग 8500 खिलाड़ी भाग लेंगे।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने वीसी के माध्यम से खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 के आयोजन को लेकर समन्वय समिति बैठक में विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रदेश के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह भी मौजूद रहे। खेल विभाग निदेशक पंकज नैन ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन की तैयारियों के बारे विस्तार से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने बताया कि 8 मई को पंचकूला के इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का मस्कट एवं लोगो लॉन्च किया जाएगा। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं । गेम्स के लिए 2-3 बहुउद्देशीय हॉल, सिंथेटिक ट्रैक, एथलेटिक ट्रैक का निर्माण किया जा चुका है। पहले गेम्स फरवरी में आयोजित होने थे, परंतु कोरोना के कारण इन्हें टाल दिया गया था। बैडमिंटन हाल, राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 पंचकूला में ऑडिटोरियम का कार्य पूरा किया गया है। हॉकी स्टेडियम पंचकूला व शाहबाद का निर्माण कार्य भी लगभग पूरा कर लिया गया है। अंबाला में ऑल वेदर स्वीमिंग पूल तैयार है। खेलों में स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढाते हुए साफ सफाई का पूरा प्रबंध किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों में हरियाणवी क्लचर से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान स्वतंत्रता संग्राम के असंख्य हीरोज की कहानी तथा प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का परिचय प्रदर्शनी में दिया जाएगा, ताकि युवा पीढी उनसे प्रेरणा ले सके। गेम्स के लिए 13 मई को गुरुग्राम में प्रोमोशनल इवेंट का आयोजन भी होगा।केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हरियाणा में बेटी बचाओ बेटी पढाओ की दिशा में सराहनीय कार्य हुआ है। प्रदेश की महिला खिलाड़ियों ने भी विदेशों में आयोजित हर खेल में परचम फहराया है। विद्यार्थियों का रुझान खेलों की तरफ और ज्यादा बढ़े, इसके लिए खेलों को समर्पित थीम पर फोकस किया जाएगा।खेलो इंडिया यूथ गेम्स में नए-नए आइडिया के साथ कार्य किया जाए, ताकि देशभर में हरियाणा की और अधिक चर्चा हो। जून में होने वाले इन खेलों में कोविड-19 नियमों का पूरा पालन किया जाएगा तथा खिलाड़ियों के लिए टेस्टिंग आदि की पूरी व्यवस्था की जाएगी।

## कांग्रेस हाईकमान ने उदयभान को किया हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त



हरियाणा उत्सव

हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की अंतर कलह के चलते हाल ही में कुमारी शैलजा द्वारा हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद आज ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने श्री उदय भान को हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंप दी है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी उदय भान के साथ-साथ चार कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किए गए हैं जो सभी हुड्डा के करीबी है। इन कार्यकारी अध्यक्षों में श्रीमती श्रुति चौधरी श्री रामकिशन गुर्जर जितेंद्र कुमार भारद्वाज और सुरेश गुप्ता है । प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद भूपेंद्र हुड्डा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आगामी वर्ष 2024 में प्रदेश में हरियाणा की कांग्रेस की सरकार होगी और वे भारी बहुमत से जीतेंगे ।

## हरियाणा सरकार की बड़ी घोषणा, सभी जिलों में मुफ्त लगेगी बूस्टर डोज

हरियाणा उत्सव

चंडीगढ़। हरियाणा के लोगों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बड़ी घोषणा की है। राज्य में कोविड रोधी टीकाकरण अभियान को आगे बढ़ाते हुए 18 वर्ष से 59 वर्ष के आयु वर्ग के वयस्क नागरिकों के लिए मुफ्त बूस्टर खुराक लगाई जाएगी।

पात्र लाभार्थी हरियाणा के किसी भी सरकारी अस्पताल या डिस्पेंसरी से 250 रुपये की बूस्टर खुराक मुफ्त प्राप्त कर सकते हैं। हरियाणा राज्य में उक्त आयु वर्ग के लगभग 1.2 करोड़ लाभार्थी हैं। इस पर लगभग 300 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा, जिसे राज्य द्वारा कोविड राहत कोष से वहन किया जाएगा।



मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कोरोना संक्रमण के मामलों में वृद्धि को देखते हुए लोगों से मास्क पहनने की अपील की है तथा बार-बार हाथ धोने जैसी सावधानियों का पालन करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सभी दिशा-निर्देशों का पालन करना कोरोना के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार है। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि हरियाणा ने कोरोना वायरस के मामलों में हो रही वृद्धि के मद्देनजर इसका प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए फिर सक्रिय रणनीति अपनाई है। कोविड-19 उपयुक्त व्यवहार% को लागू करने से संबंधित जारी दिशा-निर्देशों का भी कड़ाई से पालन किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला की अध्यक्षता में हुई कोविड-19 की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा बैठक में कहा कि संक्रमण के मामलों में हालिया बढ़ोतरी को देखते हुए सरकार स्थिति पर कड़ी निगरानी और सख्त नियंत्रण पर जोर दे रही है। बता दें, राज्य में कोरोना संक्रमण के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। विशेषकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे गुरुग्राम व फरीदाबाद में मामलों में इजाफा हो रहा है। इससे राज्य सरकार चिंतित है। लोगों में कोविड की बूस्टर डोज के प्रति भी उत्साह नहीं दिख रहा था, लेकिन अब राज्य सरकार ने डोज को मुफ्त कर दिया है। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और बूस्टर डोज लेने का उत्साह बढ़ेगा।




## सम्पादकीय

# फिर खड़ा हुआ विमान यात्रियों की सुरक्षा का सवाल

नए विमानन नियम, नई सहूलियतें, आधुनिक तामझाम, यात्रा में सुगमता की गारंटी और भी कई तमाम हवाई कागजी बातें उस समय धरी की धरी रह जाती हैं जब प्लेन उड़ने से पहले अपनी अव्यवस्था बयां कर देता है। उदाहरण दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सपाट रनवे पर आमने-सामने एक साथ दो विमानों का आ जाना। इसे एटीएस का गलती कहें या विमानन कंपनियों की तकनीकी नाकामी, या फिर पायलटों की लापरवाही! इसे घोर लापरवाही ही कहा जाएगा। 27 दिसंबर को देश में दो बड़े विमान हादसे होते-होते बचे। एक दिल्ली और दूसरा गोवा में। दोनों घटनाओं ने हवाई यात्रा सुरक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर दिया है। विमानन कंपनियां इस समय सवालों के घेरे में हैं और होनी भी चाहिए। गोवा और दिल्ली में एक ही दिन दो बड़ी विमान घटनाएं हो सकती थीं। गोवा में जिस तरह से विमान लैंडिंग के दौरान अपना संतुलन खोकर धरती पर गिरा और हादसा होने से बचा उसे कुदरत का करिश्मा ही कहेंगे। अंदर बैठे यात्रियों ने बाहर निकलकर बताया कि जब विमान रनवे पर फिसल रहा था तो धड़ाम-धड़ाम की तेज आवाजें उन्हें सुनाई दे रही थीं। विमान तेजी से अचानक मुड़ा और आगे की तरफ तेज आवाज करता हुआ एकदम झुक गया। थोड़ी देर के लिए सभी यात्रियों की सांसें थम सी गईं।

विमान का लैंडिंग गियर जिस तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है उससे हादसा होने की परिकल्पना की जा सकती है। लैंडिंग गियर पूरी तरह से चकनाचूर हो गया है। जेट एयरवेज के इस विमान में 161 यात्री यात्रा कर रहे थे। घटना के वक्त थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विमान में सवार क्रू मेंबर यात्रियों को छोड़ खुद की जान बचाने के लिए तेजी से उतरते दिखाई दिए। इसी के चलते आपाधापी में 12 यात्री घायल हो गए। सवाल उठता है कि यात्रियों की सुरक्षा आखिर कौन करेगा? दोनों घटनाओं में विमानन कंपनियों की नाकामी प्रत्यक्ष रूप से सामने आ रही है। उनकी तकनीक में अव्यवस्था की तस्वीर सामने आई है। हालांकि यह गलती न विमानन कंपनी स्वीकार करेगी और न ही सरकारी तंत्र! जिस तरह से विमान का अगला हिस्सा रनवे को पार करता हुआ दूसरी तरफ जाकर जमीन को छूआ उससे प्रतीत हो रहा है कि इसमें सिर्फ पायलट की गलती रही होगी। विमान के अंदर लोग दहशत में आ गये क्योंकि उस वक्त जोरदार झटका लगा। घटना की प्रारंभिक चांच करते हुए प्रशासन ने फिलहाल दोनों पायलटों के लाइसेंस अस्थायी रूप से रद्द कर दिए हैं। लेकिन सवाल उठता है कि क्या यह सब करने से हादसों को रोकने का हल निकल जाएगा। शायद नहीं! घटना की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए, दोषी कर्मचारियों को सख्त सजा देनी चाहिए। हरियाणा का चरखी विमान हादसा शायद ही कोई भूल पाए! उस हादसे को भारत में अब तक के सबसे बड़े हवाई हादसे में गिना जाता है। घटना को याद करते रूहें कांप उठती हैं। वह एटीसी से जुड़ा हुआ भारत में अब तक का सबसे बड़ा हवाई हादसा है। दिल्ली में चरखी हादसे की पुनरावृति होते-होते बची। दो विमान आमन-सामने टक्कर खाने से बच गए। बताने की जरूरत नहीं है कि अगर टक्कर हो जाती तो क्या होता? दिल्ली की तरह 12 नवंबर, 1996 में चरखी दादरी में दो विमानों में मिड एयर कॉलिजन हुआ। एक विमान सऊदी अरब का था तो दूसरा कजाखिस्तान का। उस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 यात्रियों में से कोई जिंदा नहीं बचा। दिल्ली-गोवा की इन दोनों घटनाओं ने विमान यात्रियों की आशंकाओं में बढ़ोतरी की है क्योंकि हाल ही में विमान संबंधी भयावह घटनाएं घटी हैं। पिछले सप्ताह ही रूस का एक विमान समुद्र में समा गया था। यात्रियों में हवाई सफर को लेकर डर है। इन ताजा घटनाओं ने डर में और बढ़ोतरी कर दी है। तकनीकी नाकामी से विमान दुर्घटनाएं होती रही हैं। अब विमानन कंपनियों द्वारा सुरक्षा संबंधी लापरवाही और अशांत क्षेत्रों के ऊपर से उड़ान भरने को लेकर नए सवाल खड़े होने लगे हैं। आखिर कैसे हो सुगम हवाई यात्रा। हालांकि उक्त घटनाओं पर केंद्र सरकार ने नाराजगी जाहिर की है। सख्त जांच के आदेश पारित किए हैं। अगर पायलटों की गलती सामने आती है तो प्रशासन को ऐसे सभी पायलटों को अयोग्य कर देना चाहिए जो यात्रा के दौरान लापरवाही दिखाते हैं। क्योंकि उनकी थोड़ी सी चूक कई लोगों की जान ले सकती है। पूर्व की घटनाओं को देखे तो एयर इंडिया पहले भी कई बार विमान हादसों की शिकार हो चुकी है। खराब मौसम, पायलट की चूक या फिर कोई टेक्निकल समस्या से अब तक हवाई हादसों में अनगिनत यात्रियों ने अपनी जान गंवाई है। जनवरी 1978 में पहली बार एयर इंडिया का विमान अरब

# अपराधी बेलगाम घूम रहे हैं और सरकार किसानों को तूड़ी बेचने से रोकने के लिए लगा रही है धारा 144 : बलराज कुंडू

## प्रदेश के 25 लाख बेरोजगार नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार

**हरियाणा उत्सव**



चंडीगढ़। प्रदेश में लगातार बढ़ती जा रही बेरोजगारी से तंग आकर युवा अपराध की राह पर निकल पड़ा है। आये रोज लूट-डकैती जैसी संगीन वारदातें अंजाम देते हुए अपराधी बेलगाम घूम रहे हैं और सरकार क्राइम कंट्रोल करने की बजाय किसानों को तूड़ी बेचने से रोकने के लिए धारा 144 लगा रही है। जनसेवक मंच संयोजक एवं महम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने आज चंडीगढ़ स्थित एमएलए होस्टल में प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए यह बात कही।

जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार से तीखे सवाल करते हुए कुंडू ने कहा कि प्रदेश में हालात बेहद चिंताजनक होते जा रहे हैं लेकिन सरकार को इसकी रत्ती भर भी परवाह नहीं है। शिक्षा और स्वास्थ्य तथा पुलिस से लेकर अनेक विभागों में लाखों पद रिक्त पड़े हैं लेकिन उन पर स्थाई भर्ती करने की वर्तमान सरकार की कोई नियत ही नहीं है। सरकार सिर्फ ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देने में जुटी हुई है जिसका खामियाजा प्रदेश के नौजवानों को मौत के कुओं में उतरकर अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है। उकलाना क्षेत्र में हुए सेफ्टिक टैंक गैस हादसे में 4 नौजवानों की मौत का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यह घटना इस बात को साबित करती है कि महज आठ-दस हजार रुपये की ठेके की नौकरी के लिए भी प्रदेश के युवा किस कद्र अपनी जान जोखिम में डालने को मजबूर हैं लेकिन सरकार को उनकी कोई चिंता नहीं है। उनके परिवारों को स्थाई नौकरी और 20-20 लाख रुपये सरकार की तरफ से मुआवजा मिलना चाहिए।

बलराज कुंडू ने कहा कि प्रदेश में करीब पच्चीस लाख नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं लेकिन सरकार स्थाई भर्तियां नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में 30 हजार से अधिक पद रिक्त हैं और स्वास्थ्य विभाग में 17 हजार से भी अधिक, इसी प्रकार से पुलिस महकमे में हजारों पद खाली पड़े हैं और सरकार भर्तियां ना करके अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। प्रदेश में जो भयावह हालात बने हुए हैं उसे देखते हुए मुख्यमंत्री को तुरंत अपनी कैबिनेट की मीटिंग बुलाकर हालत सुधारने के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए। बलराज कुंडू ने कहा कि खाद की कमी के चलते किसानों को गेहूं की कम पैदावार होने का नुकसान उठाना पड़ा है लिहाजा सरकार को 500 प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों को बोनस देना चाहिए। डीजल के रेट बढ़ने और खाद-बीज महंगे होने से लागत कई गुना बढ़ चुकी है लेकिन महंगाई के दौर में किसानों की आय पहले से भी कई गुणा घट गई है लेकिन सरकार को इसकी कोई फिक्र नहीं है। आज किसान-मजदूर से लेकर कर्मचारी, व्यापारी तक हर वर्ग महंगाई की मार झेलने को मजबूर है लेकिन सरकार ने सिर्फ गठबंधन के सहयोगियों को ही कमाई करने की छूट दे रखी है। बलराज कुंडू ने खेल एवं खिलाड़ियों सहित बदहाली झेल रहे स्टेडियमों का भी मामला उठाया और कहा कि कितनी हैरानी की बात है कि सरकार खिलाड़ियों से भी वसूली करने की सोच सकती है और जब दबाव पड़ता है तो तुरन्त यू-टर्न ले लेती है। क्या आंखें मूंदकर ऐसे बेतुके फैंसले लिए जाते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार अपना आंकड़ा दे और दूसरी तरफ मैं धरातल पर सर्वे करवाकर अपना आंकड़ा दूंगा, बेरोजगारी को लेकर सरकार के झूठे आंकड़ों की अपने आप पोल खुल जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार में हिम्मत है तो इन सभी मुद्दों पर मुझसे सार्वजनिक रूप से बहस करे।

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए बलराज कुंडू ने कहा कि एक साजिश के तरह बड़े स्कूलों में मर्ज करने की आड़ लेकर प्राथमिक स्कूलों को बंद करके प्राइवेट स्कूलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। नियम 134ए एवं आरटीई को लेकर भी सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कुंडू ने साफ कहा कि गरीब के बच्चों को शिक्षित करना इस सरकार की प्राथमिकता ही नहीं है। यह सरकार सिर्फ झूठ बोलने और बेहद सफाई के साथ झूठ बोलने की कला में ही माहिर है जिसको आम जनता की दु:ख तकलीफों से कोई लेना-देना नहीं। गठबंधन सरकार पहले तो गरीबों को हसीन सपने दिखाती है और फिर उन सपनों को तोड़ने का काम करती है जो किसी अपराध से कम नही है।

# वर्ष 2022-23 के लिए हरियाणा विधान सभा की 13 कमेटियों का गठन

**हरियाणा उत्सव**

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने वर्ष 2022-23 के लिए विधान सभा की 13 विभिन्न कमेटियों का गठन किया है। हरियाणा विधान सभा सचिवालय द्वारा आज इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना अनुसार विधान सभा की नियम समिति में विधान सभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता पदेन अध्यक्ष होंगे जबकि विधायक श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, श्रीमती किरण चौधरी, श्री घनश्याम दास अरोड़ा, डॉ. अभय सिंह यादव, श्री भारत भूषण बतरा, श्रीमती नैना सिंह चौटाला और श्री सुधीर कुमार सिंगला इस कमेटी के सदस्य होंगे। इसी प्रकार, विधान सभा के उपाध्यक्ष श्री रणबीर सिंह गंगवा को वर्ष 2022-23 के लिए आवास समिति का पदेन अध्यक्ष बनाया गया है जबकि विधायक श्री मोहम्मद इलियास, श्री राम कुमार गौतम, श्री दीपक मंगला और श्री रणधीर सिंह गोलन को इस कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है। विधायक श्री दीपक मंगला को जन स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली तथा लोक निर्माण (भवन एवं सडकें) की कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया है जबकि विधायक श्री विनोद भ्याना, श्री लीला राम, श्री आफ़ताब अहमद, श्री धर्म सिंह छोक्कर, डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, श्री प्रवीण डागर, श्री मामन खान व श्री शमशेर सिंह गोगी इस कमेटी के सदस्य होंगे। इसी प्रकार, स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थान की कमेटी के लिए श्री नरेन्द्र गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया है। इसके सदस्यों में विधायक डॉ. रघुवीर सिंह कादयान, श्री घनश्याम सर्राफ, श्री बिशन लाल सैनी, श्रीमती सीमा त्रिखा, श्री बिशम्बर सिंह, श्री नीरज शर्मा, श्री सुरेन्द्र पंवार तथा श्री राकेश दौलताबाद शामिल हैं। विधायक श्री ईश्वर सिंह को अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जन जातियां तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है तथा विधायक श्री लक्ष्मण नापा, श्री राजेश नागर, श्री सत्य प्रकाश, श्रीमती रेणु बाला, श्री शीश पाल सिंह, श्री चिंरजीव राव, श्री राम करण व श्री धर्म पाल गोंदर को इस कमेटी के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। लोक लेखा समिति के लिए श्री वरूण चौधरी को अध्यक्ष तथा विधायक डॉ. अभय सिंह यादव, श्री सुभाष सुधा, श्री नरेन्द्र गुप्ता, श्रीमती निर्मल रानी, श्री अमित सिहाग, श्रीमती शैली, श्री जोगी राम सिहाग व श्री रणधीर सिंह गोलन को सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार, श्री हरविन्द्र कल्याण को अनुमान कमेटी का अध्यक्ष और विधायक राव दान सिंह, श्री जयवीर सिंह, श्री गोपाल कांडा, श्री लक्ष्मण नापा, श्री प्रमोद कुमार विज, श्री राजेश नागर, श्री मेवा सिंह तथा श्री बलराज कुंडू को सदस्य मनोनीत किया गया है। याचिका कमेटी के लिए विधायक श्री घनश्याम दास अरोड़ा को अध्यक्ष और विधायक श्री जगबीर सिंह मलिक, श्रीमती गीता भुक्कल, श्रीमती शकुन्तला खटक, श्री लीला राम, श्री लक्ष्मण सिंह यादव, श्री संजय सिंह, श्री राम निवास तथा श्री सोमबीर सांगवान को सदस्य मनोनीत किया गया है।

# तहसील कार्यालय में इंतकाल की मंजूरी को प्रत्येक बुधवार को लगेगा शिविर

**हरियाणा उत्सव**



गोहाना। जमीन के इंतकाल की मंजूरी के लिए तहसील कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान इंतकाल को मंजूर किया जाएगा। उसके तुरंत बाद इंतकाल को रिकार्ड में दर्ज किया जाएगा। जमीन के इंतकाल दर्ज करने में होने वाली अटकलों का शिविर में समाधान किया जाएगा। लोगों की समस्याओं को देखते हुए नायब तहसीलदार डा. प्रमोद कुमार अभियान शुरू किया है। नायब तहसीलदार डा. प्रमोद कुमार ने बताया कि जमीन की रजिस्ट्री आसानी से हो जाती है। लोग रजिस्ट्री कराने के बाद इंतकाल दर्ज कराने के लिए कार्यालय के चक्कर लगाते रहते हैं। लोगों को परेशानी न हो इसके लिए तहसील कार्यालय में शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर प्रत्येक बुधवार को 11 से एक बजे तक जारी रहेगा। इस शिविर में केवल इंतकाल को मंजूर किया जाएगा। शिविर में आने से पहले तहसील कार्यालय के कंप्यूटर कक्ष से तीन सौ रुपये की रसीद कटवानी होगी। शिविर के दौरान सरकारी फीस की रसीद के साथ जमीन की रजिस्ट्री को पेश करना होगा। उसके बाद इंतकाल को मंजूर किया जाएगा। यह शिविर केवल गोहाना शहरी क्षेत्र के लिए आयोजित किया जाएगा। पेंडिंग इंतकाल के कार्य को प्राथमिकता से किया जाएगा। इंतकाल संबंधी समस्या को लेकर सीधे नायब तहसीलदार से मिल सकते हैं। लोगों की इंतकाल की समस्या को प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा।

# दुकानदारों ने नागरिक अस्पताल के सामने बनाई फूलों की क्यारी

## शहर को सुंदर बनाने में नागरिक करें सहयोग

**हरियाणा उत्सव**

गोहाना: बरोदा रोड स्थित नागरिक अस्पताल के सामने मार्केट के दुकानदारों ने सड़क किनारे खाली पडी जमीन में फूलों की क्यारी बनाई है। इस क्यारी में फूलदार पौधे लगाए। सभी ने अपनी नेक कमाई से पौधे व मिट्टी का प्रबंध किया और श्रमदान किया है।

गांव बरोदा ठुठान के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय के गेस्ट टीचर सुशील शर्मा ने बताया कि नागरिक अस्पताल के मुख्य गेट के पास खाली जगह पड़ी थी। अस्पताल की दीवार के साथ मिट्टी डालकर पौधे लगाने की व्यवस्था की गई है। वैसे नगर परिषद द्वारा अस्पताल के पास हर्बल पार्क बनाया है। जोकि बहुत अच्छा है, लेकिन शहर को साफ-स्वच्छ रखने में नागरिकों का भी सहयोग होना चाहिए। इसलिए अस्पताल के सामने फूलों की क्यारी बनाई है। कुछ दुकानदारों ने अपनी नेक कमाई से पौधे मुहैया कराए और कुछ ने मिट्टी व ईंटों का प्रबंध किया है। ताकि शहर को ओर भी सुंदर बनाया जा सके। इस क्यारी में कोचिया, गुलाब, गेंदा, मोतिया, मोरपंख, कुडेहल, इंग्लिश, अफ्रिकन व इंडियन के फूलदार और सौंदर्यीकरण के लिए पौधे लगाए गए हैं। सभी दुकानदार बारी- बारी इन पौधों की देखभाल करेंगे। इस मौके पर केमिस्ट कृष्ण कुमार, देवेंद्र मक्कड, चायवाला निरंजन ऊर्फ लीला, सुरेंद्र, अजय डंग, संजय डंग, जोनी, प्रदीप आदि ने क्यारी बनाने में सहयोग किया।

# भम्भेवा के दर्जनों ग्रामीण घडवाल ड्रेन को खुलवाने को लेकर एसडीएम से मिले



**हरियाणा उत्सव**

गोहाना। गांव भम्भेवा के दर्जनों ग्रामीण सोमवार को घडवाल ट्रेन को खुलवाने को लेकर गोहाना के एसडीएम को उपमंडल कार्यालय में मिलने के लिए पहुंचे तथा उन्होंने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि भम्भेवा गांव से होकर गांव घढ़वाल से गुजरने वाली जो ड्रेन है उस ड्रेन को घडवाल वालों ने मिट्टी से भर दिया है जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही । उन्होंने कहा बुटाना ब्रांच पर जो पंप लगाए गए है वह ड्रेन से 4 फुट उच्चे लगाए गए हैं उन्होने मांग करते हुए कहा कि लगाए गए पम्पो को ड्रेन के लेवल से 4 फुट नीचे लगवाए जाए । उन्होंने एसडीएम से प्रार्थना की कि जुलाई से सितंबर महीने तक गाँव में 24 घंटे बिजली दी जाए और ग्राम पंचायत भम्भेवा आपसे अनुरोध करती है कि उक्त ड्रेन को जल्द से जल्द खुलवाया जाए जिससे गाँव वासियो को राहत मिल सकें । गोहाना के आशीष वशिष्ठ ने गांव भम्भेवा के उपस्थित ग्रामीण लोगों को कहा समस्या का निदान जल्द कर दिया और जो भी इसमें कार्यवाही करने कि जरूरत होंगी बात कर समाधान कर लिया जाएगा ।

# साप्ताहिक भविष्य

**मेषः** साल के आखिरी सप्ताह में छिटपुट परेशानियां हो सकती हैं। इस सप्ताह की शुरुआत जरूर थोड़ी कमजोर रहेगी, जैसे-जैसे समय बीतेगा। आपका समय बेहतर होता जाएगा। आपके लगभग सभी महत्वपूर्ण कार्यों में प्रगति हो सकती है। लोग आपसे प्रभावित हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करना या उनकी समस्याएं सुलझाना आपके लिए खास रहेगा। नए दोस्त और नए अवसर इन दिनों में आपके सामने आ सकते हैं।

**वृषः** इन आखिरी सात दिनों में आपको आगे बढ़ने के मौके तो बहुत मिलेंगे, लेकिन आपको अपने जिम्मेदारियों से ही फुर्सत नहीं मिल सकेगी। अपने अनुभव और क्षमता को आप अपने काम में लगा दें। इन दिनों में आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है जो आने वाले दिनों में आपके लिए बहुत काम का साबित होगा। इस सप्ताह आपके सामने ऐसी चुनौतियां आ सकती हैं जिनका अंदाज भी आपको पहले से ही रहेगा और उनका समाधान भी आपके पास तैयार मिलेगा। सप्ताह के बीच में अधिकारी आपका समर्थन करेंगे। कोई खास जिम्मेदारी आपको मिल सकती है।

**मिथुनः** साल के आखिरी सात दिनों में कई ऐसी घटनाएं सामने आ सकती हैं। जो आपको लम्बे समय तक फायदा दे सकती है। इस सप्ताह भी आपको अपने कामकाज, नौकरी और करियर के मामलों पर ध्यान देना होगा। पैसों के क्षेत्र में योजनाबद्ध ढंग से ही काम करें। अपने भले-बुरे पर खुद विचार करें और दूसरों की सलाह अनसुनी कर दें। सप्ताह के ही आखिरी दिनों में अचानक कहीं से धन लाभ हो सकता है।

**कर्कः** इन दिनों में आप पहले अपने पुराने मामलों और समस्याओं को निपटा लें। प्रयासों का नतीजा न मिलने पर अफसोस न करें। इन दिनों में चंद्रमा गोचर कुंडली के पांचवें भाव से सातवें भाव तक जाएगा। पूर्व निर्धारित योजनाओं पर आगे बढ़ते हुए आपको अच्छी सफलता मिलेगी। इन दिनों में आपका मनोबल कमजोर भी हो सकता है, लेकिन सलाह से बढ़ भी जाएगा। आपकी इनकम बढ़ सकती है।

**सिंहः** इस साल के आखिरी सात दिनों में आपको प्रॉपर्टी से जुड़ा फायदा भी मिलेगा। भूमि से जुड़ा कोई विवाद सुलझ सकता है। दिमागी उलझन से छुटकारा मिलेगा। कोई करीबी आपको धोखा देने की कोशिश भी कर सकता है। इन दिनों में आपकी मेहनत रंग लाएगी। मेहनत के ही दम पर आप अपना महत्व स्थापित कर देंगे। कुछ नया सीखेंगे। परिवार, दोस्तों और अधिकारियों से आपको लगातार मदद और समर्थन मिलता रहेगा।

**कन्याः** कन्या राशि वाले लोगों को साल के आखिरी सात दिनों में सफल होने के बहुत से मौके मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में फायदा होने से मन खुश रहेगा। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। कन्फ्यूजन की स्थिति भी बनेगी, लेकिन आप खुद ऐसी स्थिति से निपट भी लेंगे। देखा-देखी का कोई काम न करें। शिक्षा, राजनीति और कानून के मामलों में सफलता मिल सकती है। समस्याओं का समाधान मिल जाएगा।

**तुलाः** इस सप्ताह सावधानी से ही आगे बढना ठीक रहेगा। इन दिनों में चिंता जैसी स्थिति नहीं रहेगी। सामान्य उतार-चढ़ाव में सप्ताह बीत जाएगा। करियर, बिजनेस और मैनेजमेंट के क्षेत्रों में आपके फैसले सटीक रहेंगे। सप्ताह के आखिरी दिनों तक आपके करियर की पुरानी समस्या सुलझ सकती है। सप्ताह के आखिरी दिनों में थोड़े परेशान भी रहेंगे। इस सप्ताह थोड़ी-सी कोशिश से आप अपने बराबर वालों से आगे निकल सकते हैं।

**वृश्चकः** इस सप्ताह नौकरीपेशा लोगों को मेहनत और भाग-दौड़ ज्यादा करनी होगी। आपको सावधानी भी रखनी चाहिए। पारिवारिक समरसता और एकजुटता बढ़ेगी। आपकी लाइफ में एक सकारात्मक दौर शुरू हो सकता है, उसका फायदा उठाएं। इन दिनों में वृश्चिक राशि वालों की रुचि धर्म और आध्यात्म में ज्यादा रहेगी। बिजनेस में सफल रहेंगे, लेकिन अपनी सफलता पर घमंड करने से बचें।

**धनुः** आपकी भावनात्मक स्थिति इन दिनों में अचानक बदल सकती है। परिवार के मामले भी इन दिनों में सुलझ जाएंगे। सप्ताह के शुरुआती दिनों में चंद्रमा बारहवें भाव में होने से आपके लिए परेशानियों वाला समय भी रहेगा। जीवनसाथी की सेहत में समस्या थी, तो धीरे-धीरे सुलझ जाएगी। नौकरी और शिक्षा के क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिल सकती है। प्रमोशन या प्रमोशन की बातचीत शुरू हो सकती है।

**मकरः** इन दिनों में नए लोग या नए विचार आपके सामने आ सकते हैं। इस सप्ताह चंद्रमा वृश्चिक से मकर राशि तक जाएगा। इसके प्रभाव से इन दिनों में ठहरी हुई जिंदगी में फिर भाग-दौड़ शुरू हो सकती है। यह सप्ताह जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, आपका समय और बेहतर होता जाएगा। खोखली बातें करने वाले लोगों के चक्कर में आने से बचें। सप्ताह की शुरुआत आपके लिए अच्छी रहेगी।

**कुंभः** साल का आखिरी सप्ताह कुंभ राशि वाले लोगों के लिए अच्छा साबित हो सकता है। सप्ताह की शुरुआत में कुछ अच्छी और अनपेक्षित घटनाएं हो सकती हैं। चंद्रमा गोचर कुंडली के कर्म भाव में रहेगा। लोग आपकी मदद करेंगे। कुल मिलाकर आप सफल रहेंगे। नौकरी या धंधे का चयन करने में कन्फ्यूजन की स्थिति बन सकती है। इन दिनों में आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव आएंगे।

**मीनः** मीन राशि वाले लोगों के लिए साल के आखिरी सात दिन ठीक-ठीक ही है। कुछ लोग आपकी तारीफ करेंगे। इस सप्ताह कुछ रहस्य आपके सामने खुल सकते हैं। सप्ताह की शुरुआत में चंद्रमा गोचर कुंडली के भाग्य भाव में होगा तो आपके लिए शुभ रहेगा। गोपनीय बातें पता करने में आपकी बहुत ज्यादा रुचि रहेगी। सप्ताह के बीच में चंद्रमा की स्थिति आपकी राशि के लिए फेवरेबल रहेगी।

# कभी न खराब होने वाली सीवर लाइन दबाएगा जनस्वास्थ्य विभाग

## विभाग ने अमरूट योजना के तहत तैयार किया प्रस्ताव

**हरियाणा उत्सव**



गोहाना। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में कभी भी खराब नहीं होने वाली सीवर लाइन दबाएगा। कर्ड इन प्लेस पाइप (सीआईपीपी) नाम की पाइप लाइन सीवर में दबाई जाएगी। इसके लिए विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए मुख्यालय के पास भेज दिया है। मंजूरी मिलने पर ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया जाएगा।

एसडीओ सर्वजीत सिंह के अनुसार अटल मिशन जीर्णोद्धार बदलाव (अमरुट) के दूसरे चरण के तहत शहर में पेयजल और डैमिज सीवर लाइनों का सर्व कराया गया था। सर्वे के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है। अमृत योजना के तहत ही डैमिज लाइनों की मरम्मत की जाएगी और नई पाइप लाइन दबाई जाएगी। इसके अलावा शहर में ईंटों से बनी सीवर लाइनों की जगह पर सीआईपीपी लाइन लगाई जाएगी। यह लाइन सालों तक खराब नहीं होती है। एक बार बिछाने के बाद करीब दो सौ साल तक सीवर लाइन खराब नहीं होगी। यह पाइप लाइन करीब पांच किलोमीटर लंबी होगी। सीवर के अलावा पेयजल के लिए करीब 15 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन दबाई जाएगी। दोनों पाइप लाइनों के लिए करीब 70 करोड रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रस्ताव को मुख्यालय के पास भेज दिया है। मुख्यालय से मंजूरी मिलने पर ही सीवर लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

**सीआईपी पाइप पुरानी सीवर लाइन में गर्म कर चिपकाए जाएगी।**

एसडीओ सर्वजीत के अनुसार शहर में ईंटों से बनी सीवर लाइन की जगह सीआईपी पाइप बिछाने की योजना है। सीआईपी पाइप लाइन बिछाते समय पुरानी सीवर लाइन को उखाडना नहीं पडेगा। रास्ते को बाधित किए बिना ही सीआईपी पाइप लाइन बिछाई जा सकती है। यह पाइप गर्म कर सीवर लाइन से चिपकाई जाएगी। इस कार्य में रास्तों को बंद नहीं करना पड़ेगा और न ही सीवर लाइन को बंद करना होगा। इससे शहर में सीवर की समस्याएं खत्म होंगी और लोगों को सीवर समस्याओं से निजात मिलेगी।

अमरुट योजना के तहत शहर में सीवर की डैमिज लाइन की जगह सीआईपी पाइप लाइन बिछाने की योजना है। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय के पास भेज दिया है। मुख्यालय से मंजूरी मिलने पर आगे की योजना तैयार की जाएगी। सीआईपीपी लाइन कभी खराब नहीं होती है।

**- विक्रम सिंह मोर, एक्सईएन, जनस्वास्थ्य विभाग,**




# अघोषित कटों से परेशान ग्रामीणों ने सब स्टेशन पर किया विरोध प्रदर्शन

## शेड्यूल के अनुसार बिजली मिलने के आश्वासन पर शांत हुए ग्रामीण

हरियाणा उत्सव



**गोहाना:** गांव भैंसवाल कलां में बिजली निगम द्वारा अघोषित कट लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों को शेड्यूल के अनुसार बिजली सप्लाई नहीं मिल रही है। अघोषित कटों से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को सब स्टेशन पर पहुंचे और बिजली निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर बिजली निगम अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया और शेड्यूल के अनुसार बिजली सप्लाई देने के आश्वासन दिया।

बिजली निगम द्वारा भैंसवाल कलां के बिजली मीटरों को घरों से बाहर निकाल कर खंभों पर लगाना था। लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते निगम ने गांव को जगमग योजना से नहीं जोडा। जिससे गांव में पुराने शेड्यूल के अनुसार ही बिजली सप्लाई दी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुराने शेड्यूल में अघोषित कट लगाए जा रहे हैं। गांव में केवल रात के समय की बिजली सप्लाई दी जा रही है। दिन के समय बिजली नहीं दी जा रही है। ग्रामीणों ने जगमग योजना के तहत बिजली मीटरों को घरों से बाहर नहीं निकलवाया। इसी के चलते निगम ने गांव के बिजली शेड्यूल में अघोषित कट लगाते हैं। बिना बिजली के गर्मी में लोगों का बुरा हो जाता है। अघोषित कटों से परेशान होकर ग्रामीणों ने शनिवार को सब स्टेशन पर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों को समझाने के लिए एसडीओ सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। उनके आश्वासन पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन खत्म कर दिया और वापस घर चले गए।

# बिना सफाई के माइनर में छोडा पानी ओवरफ्लो गेंहू की पुली जलमग्न

हरियाणा उत्सव



**गोहाना:** सिंचाई विभाग की पानी डिवीजन ने जवाहरा माइनर की सफाई करवाए बिना पानी छोड़ दिया। माइनर में गंदगी भरी होने के कारण पानी का बहाव बाधित हो गया। जिससे माइनर ओवरफ्लो हो गई। माइनर ओवरफ्लो होने से गांव ढुराना और भादोठी खास के खेतों में गेहूं की कटी हुई फसल जलमग्न हो गई। किसानों ने सिंचाई विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर माइनर की सफाई करवाई। किसान सुनील, रोहताश, तिलक राज बैरागी, सतनारायण, पवन आदि ने कहा कि क्षेत्र में गेहूं की कटाई का कार्य चला हुआ है। जिसके चलते किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता नहीं है। शनिवार को सिंचाई विभाग की पानीपत डिव ीजन ने जवाहरा माइनर में बिना शेड्यूल के ही पानी छोड़ दिया। माइनर की सफाई भी नहीं हुई थी। बिना शेड्यूल पानी छोड़ने और सफाई नहीं होने के कारण माइनर ओवरफ्लो हो गई। इससे आसपास के खेतों में पानी भरना शुरू हो गया। खेतों में गेहूं की कटी हुई फसल पड़ी हुई थी। माइनर का पानी कटी हुई फसल में भर गया है। जिससे उनकी फसल खराब हो रही है।

जवाहरामाइनर में तालाबों और पशु घाटों के लिए पानी छोड़ा गया था। दो दिन पूर्व आई तेज आंधी के कारण माइनर में सूखी घास और झाडियां जमा हो गई थी। सूचना मिलने पर कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर माइनर की सफाई करवा कर पानी का बहाव ठीक कर दिया था।

**ध्रुव कुमार, एसडीओ, सिंचाई विभाग, पानीपत**






# श्याम मैहता निस्वार्थ भाव से कर रहे समाज सेवा

## श्याम मैहता ने बुजुर्गों की पेंशन, वरिष्ठ नागरिक कार्ड, विधवा पेंशन, वोटर कार्ड आदि बनवाने में निभाई अहम भूमिका

हरियाणा उत्सव



गोहाना। समाजसेवी एवं हरियाणा चुनाव आयोग के कार्यालय से सेवानिवृत श्याम मैहता ने कहा कि इंसान का मानव धर्म ही सब धर्मों का आधार है, यही विचार छोटे से इंसान को महान बनाते हैं। जिसका फायदा पूरे मानव समाज को मिलता है। इंसान की निस्वार्थ भाव से सेवा करने की भावना होनी चाहिए। श्याम मैहता ने सरकारी सेवाओं में रहते हुए अपने जिला उपायुक्तों, अन्य अधिकारियों के आशीर्वाद और सरकार की मेहरबानी से जनहित के लिए विभिन्न कार्य करवाने के लिए सुझाव देकर कार्य करवाने का प्रयास किया और उनमें सफल हुए और शहर के लिए विभिन्न विकास कार्यों को करवाने के लिए मंजूरी मिली। उन्होंने 1994 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रथम वर्ष प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर समाज की सेवा की।

गोहाना के वार्ड- 12 निवासी श्याम मैहता पुत्र स्व. श्री नोता राम मैहता ने कहा कि अपने पद पर रहते हुए अपने पद की गरिमा को बरकरार रखा। जिसके लिए सात जिला उपायुक्तों और नों उपमंडल अधिकारी नागरिकों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर श्याम मेहता का हौसला बढ़ाया, मेहनत व निष्ठापूर्वक अपनी ड्यूटी के साथ साथ नियमों के अनुसार आमजन की परेशानियों का समाधान करने का प्रयास किया। पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करा कर वोटर कार्ड बनवाये,

31 दिसंबर 2013 को चुनाव आयोग के कार्यालय से सेवानिवृत्त होने के बाद निशुल्क कैंप लगाकर बुजुर्गों, गरीब परिवारों की निस्वार्थ सेवा करने की कोशिश की। बुजुर्गों के लिए बुजूर्ग सम्मान पेंशन, विधवा पेंशन, वरिष्ठ नागरिक कार्ड, बैंकों में खाते बनवाने का अभियान चलाया। जिसमें इन्होंने हजारों बुजुर्गों की पेंशन आदि बनवाने का प्रयास किया। इसके अलावा इन्होंने करीब 35 वर्षों से भाजपा से जुड़कर समाज की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। इन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में भाजपा पार्टी के लिए काम किए। भाजपा सरकार द्वारा चलाए गए योजनाओं के लिए अभियान चलाकर जन जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका रही। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या रोकना, दहेज प्रथा को रोकने, स्वच्छता अभियान आदि अभियानों से जुडकर लोगों को जागरूक किया। शहर की गली मोहल्लों को साफ स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना चाहिए। सरकारी सेवाएं व समाज सेवा करना उनका जूनून रहा है।

### व्यक्तिगत परिचय

श्याम मैहता का जन्म 18 मार्च 1957 में गोहाना के जाने माने एक छोटे किसान परिवार (खत्री-पंजाबी) स्व. नोता राम मैहता के घर हुआ। इन्होंने प्राथमिक शिक्षा गोहाना के राजकीय स्कूल से पास की। उसके बाद 1980 में बीए की पढ़ाई पास की। बीए की पढ़ाई करने के बाद अक्टूबर 1985 में चुनाव आयोग हरियाणा में निर्वाचन कानूनगो के पद पर नियुक्त हुए और चुनाव कानूनगो के पद पर रहते हुए अपने अधिकारियों से मिलकर आम जन की समस्याओं का समाधान करने में अहम भूमिका निभाई। करीब 29 वर्षों तक हरियाणा चुनाव आयोग में अपनी सेवाएं देने के साथ-साथ समाज सेवा में सक्रिय रहे।

### राष्ट्रीय समाजसेवा पुरस्कार से हुए सम्मानित

सेवानिवृत्ति के बाद बुजुर्गों की पेंशन आदि बनवाने के लिये मंदिरों व धर्मशालाओं में कैंप लगाकर बुजुर्गों की पेंशन वरिष्ठ नागरिक कार्ड, विधवा पेंशन, वोटर कार्ड आदि बनवाने की *समाज सेवा करते रहे, जिस के उपलक्ष में 27 फरवरी, 2015 को भारतीय सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल श्री प्रेमनाथ हुण व शहीद भगत सिंह के पौत्र श्री यादवेंद्र सिंह संधू ने गुडगांव में राष्ट्रीय स्तर का एक सम्मान समारोह किया, जिसमें पूरे देश से संतालीस समाज सेवको को आमंत्रित किया गया, उन 47 समाज सेवकों में पूरे हरियाणा में से आपका सेवक श्याम मैहता एकमात्र सेवक आमंत्रित हुआ आपके इस छोटे से सेवक को राष्ट्रीय सम्मान समारोह में शहीद चंद्रशेखर राष्ट्रीय अवार्ड-2015 से सम्मानित किया गया।

### विश्वास

प्रभु जी की कृपा से और जनता के आशीर्वाद से यदि मुझे भविष्य में सेवा करने का मौका मिला तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अपने नौकरी के अनुभव, समाज सेवा के अनुभव और अपने 20 सूत्री कार्यक्रम के अनुसार गोहाना वासियों का एक सच्चे सेवक की तरह कुछ नया करके दिखाने का मेरा विजन है।

मुझे पूरा विश्वास है कि गोहाना की जनता का मुझे पूरा प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद से सेवा करने का एक बार मौका जरूर मिलेगा।

# गांव धनाना में पेयजल संकट गहराया, ग्रामीणों ने किया रोष प्रकट

## गर्मी आते ही बढ़ने लगी पेयजल की समस्या

हरियाणा उत्सव



गोहाना। गांव धनाना के 2 पानों में करीब 2 महीने से पेयजल संकट गहराया हुआ है। गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने पेयजल समस्या का समाधान करने की मांग की है।

ग्रामीण दलबीर, मोहित, हरदीप, आशीष, वेदपाल, बलराज, रमेश, सेवा सिंह, नरेंद्र, मनोज आदि ने कहा कि गांव धनाना में बड़ी जाटान पाना और दलित बस्ती में पेयजल संकट गहराया हुआ है। गांव में काहनौर ब्रांच नहर की पटरी के साथ छपरा रजवाहे के पास जनस्वास्थ्य विभाग का पेयजल सप्लाई का ट्यूबवेल भी लगा हुआ है। इस ट्यूबवेल से गांव में बड़ी जाटान पाना और दलित बस्ती में पेयजल की सप्लाई होती है। ट्यूबवेल में क्षमता से कम पावर की सबमर्सिबल मोटर डाल रखी है। इस कारण ट्यूबवेल से पर्याप्त पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। ऐसे में गांव के उक्त क्षेत्रों में पिछले 2 महीने से पेयजल की समस्या बनी हुई है।

गर्मी के मौसम में भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। महिला बीता, सविता, पूनम, सुनीता और पूजा ने कहा कि महिलाओं को चिलचिलाती गर्मी में रोजाना खेतों से सिर पर मटकी में पानी ढोना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से समस्या का समाधान करने की मांग की है। इसके साथ ट्यूबवेल को खेतों की बिजली से जोड़ रखा है। ट्यूबवेल को खेतों की लाइन से हटाकर गांव की लाइन से जोड़ने की मांग की।

ग्रामीणों को शुद्ध और पर्याप्त पानी देना हमारी जिम्मेदारी है। पेयजल की समस्या नहीं होने देंगे। जल्द अधिकारियों को भेजकर गांव में पानी समस्या का समाधान किया जाएगा। अगर ट्यूबवेल की मोटर बदलनी पड़ी तो अगले सप्ताह में दूसरी मोटर लगा दी जाएगी।

**-विक्रम सिंह मोर, एक्सईएन, जनस्वास्थ्य विभाग, गोहाना**

# अभिभावक और शिक्षकों के मार्गदर्शन से मिलती सफलता: मेजर रामकुमार

हरियाणा उत्सव




गोहाना। रोहतक रोड स्थित चौपड़ा कालानी की ज्ञान गंगा डिफेंस अकादमी के तीन छात्रों का गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चयन हुआ है। तीनों छात्रों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता अकादमी सह प्रबंधक आरुषि गुप्ता ने की। अकादमी प्रबंधक प्रवीन गुप्ता का संयोजन रहा। सेना से सेवानिवृत मेजर रामकुमार मुख्य अतिथि और प्रो. प्रताप मलिक ने विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्रों को सम्मानित किया। सेवानिवृत मेजर रामकुमार ने कहा कि स्कूली जीवन में बच्चे का स्वभाव गिल्ली मिट्टी के समान होता है। बच्चों को भविष्य अभिभावक और शिक्षकों के हाथ में होता है। बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करनी चाहिए। प्रो. प्रताप मलिक ने कहा कि स्कूली जीवन से ही बच्चों में अच्छे नागरिक बनने के गुण पोषित होने चाहिए। प्रवीन गुप्ता ने बताया कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा 20 मार्च को प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया था। जिसमें अंकुश कुंडू, दामोदर शर्मा व जयदीप का कक्षा छह में दाखिला हुआ है। विपिन गुप्ता का 11वीं कक्षा में दाखिला हुआ है। सभी छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया है। इस मौके पर अभिभावक दलसिंह, कुलदीप कुंडू, भूपेंद्र सांगवान, जय भगवान आदि मौजूद रहे।

